जागरण

UP News: नितिन गडकरी बोले- दो वर्ष में अमेरिका जैसा बना देंगे यूपी का रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर, सीएम को दिए सुझाव

इंडियन रोड कांग्रेस के 81वें अधिवेशन में नितिन गडकरी ने यूपी के रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर का खाका पेश किया। उन्होंने कहा कि यूपी की सड़कों को अगले दो वर्षों में अमेरिका जैसा बना देंगे। सीएम योगी को सुझाव देते हुए कहा कि यूपी में इलेक्ट्रिक बस का लंदन ट्रांसपोर्ट माडल अपनाएं।

लखनऊ, राज्य ब्यूरो। इच्छाशक्ति, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार रहित व्यवस्था पर जोर देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कई उपलब्धियां गिनाईं, साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वादा किया कि वर्ष 2024 तक यूपी का रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर यूएसए (अमेरिका) जैसा बना देंगे। योगी को सुझाव दिया कि पांच वर्ष में पेट्रोल-डीजल को अपने प्रदेश से बाहर कर जैव ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाएं। उत्तर प्रदेश में भी इलेक्ट्रिक बस का लंदन माडल अपनाएं। इससे न सिर्फ आमजन को सस्ता परिवहन उपलब्ध होगा, बल्कि प्रदूषण भी घटेगा।

कम लागत में अच्छी सड़कें बनाने के बारे में सोचना होगा- गडकरी

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारतीय सड़क कांग्रेस के चार दिवसीय 81वें अधिवेशन का शुभारंभ नितिन गडकरी और योगी आदित्यनाथ ने किया। गडकरी ने उम्मीद जताई कि इंडियन रोड कांग्रेस के इस मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह देश के लिए उपयोगी साबित होगा। इंजीनियरों को विश्वकर्मा की संज्ञा देते हुए जहां चाह, वहां राह का मूलमंत्र भी समझाया। कहा कि जहां इच्छा होगी, वहां काम होगा और इच्छा नहीं होगी तो सिर्फ सर्वे, मीटिंग और सेमिनार चलते रहेंगे। दुनिया में भारत के युवाओं की मेधा का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि न कोई व्यक्ति अनुपयोगी है और न ही वस्तु। हमें तकनीक का प्रयोग करते हुए वेस्ट को वेल्थ बनाना होगा। सड़कों को संपन्नता का माध्यम बताते हुए बोले कि हम संपन्न देश नहीं हैं, इसलिए कम लागत में अच्छी सड़कें बनाने के बारे में सोचना होगा।

पांच वर्ष में पेट्रोल-डीजल को यूपी से करें बाहर

यूपी में प्लास्टिक से सड़कें बनाने का अच्छा काम शुरू हुआ है। 2024 तक यूपी में यूएसए जैसा रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का वादा करते हुए गडकरी ने बताया कि जल्द ही वह इलेक्ट्रिक ट्रक लांच करने वाले हैं। सीएम योगी को सुझाव दिया कि लंदन ट्रांसपोर्ट माडल को अपनाते हुए इलेक्ट्रिक बसें चलवाएं। इससे जनता के लिए परिवहन भाड़ा घटा सकते हैं और सरकार पर भी बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन, सीएनजी, बायो-फ्यूल अपनाते हुए पांच वर्ष में पेट्रोल-डीजल को यूपी से बाहर करें। दो वर्ष में उत्तर प्रदेश में पांच लाख करोड़ रुपये से सड़कें बनवाने का वादा करते हुए बताया कि शनिवार को ही उन्होंने प्रदेश के लिए कुल आठ हजार करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाओं और एक हजार करोड़ रुपये के 13 रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) को स्वीकृति दी है। कहा- यह सिर्फ न्यूज रील है, पिक्चर अभी बाकी है।

- अच्छे काम का श्रेय मुझे मिलता है, लेकिन मैं इंजीनियर नहीं हूं। 49 प्रतिशत अंक होने की वजह से इंजीनियरिंग में दाखिला तक नहीं मिला, लेकिन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर मेरा पैशन है।
- अमेरिका में अच्छी सड़कें इसलिए नहीं हैं कि वह संपन्न है, बल्कि वहां अच्छी सड़कें हैं, इसलिए वह संपन्न है।
- हमारे यहां शोध बहुत होते हैं, लेकिन उन्हें छिपाकर संस्थान रख लेते हैं, जिसका कोई लाभ नहीं मिलता।
- देश में पैसे की नहीं, बल्कि काम करने वालों की कमी है।
- हर वर्ष सड़क मरम्मत का बजट बढ़ाने का क्या लाभ? 25 वर्ष तक सड़क को मरम्मत की जरूरत नहीं होनी चाहिए।
- मैंने अपने क्षेत्र में जो सड़कें बनवाईं, उनमें आज तक एक भी गड्ढा नहीं हुआ।
- हर वर्ष पांच लाख सड़क हादसे होते हैं। इसमें हजारों लोगों की मृत्यु होती है। हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि इंजीनियर रोड इंजीनियरिंग में शत-प्रतिशत परफेक्शन लाएं।
- जर्मनी में 101 प्रतिशत परफेक्शन पर काम होता है। क्या हमारे अंदर यह क्षमता नहीं है?

तो नहीं पड़ेगी बिटुमिन आयात करने की जरूरत

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने पराली जलाने की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि पराली से बिटुमिन बन सकता है। अभी देश में 50 लाख टन बिटुमिन बनता है और 30 लाख टन का आयात करना पड़ता है। यदि यूपी की पराली से ही बिटुमिन बनाया जाने लगे तो आयात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।